

# शहर के एकमात्र राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम का हाल बेहाल, ग्रास फील्ड की योजना फेल





**नीमच।** शहर के एक मात्र डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम को ग्रास फील्ड में तब्दील करने की योजना पर वर्षो बाद भी अमल नहीं हो सकता है। वर्षो पहले नगरपालिका ने मैदान को ग्रास फील्ड में तब्दील करने के प्रयास किए थे कुछ समय तो ठीक ठाक चला लेकिन मैदान तक पानी के पर्याप्त इंतजाम के अभाव में ग्रास फील्ड से घास गायब हो गई। वर्तमान समय स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए लगाई गई जाली भी गुणवत्ता के पैमाने पर कमजोर है। साथ ही स्टेडियम में लगे फ्लड लाईट की रोशनी भी पर्याप्त मैदान में नहीं पहुंच पाती है कनेक्शन नहीं होने की स्थिति में प्रतियोगिता के आयोजन के दौरान जनरेटर का सहारा लेना पड़ता है। इसके साथ ही स्टेडियम में स्थाई रुप से चौकीदार की तैनाती होना यह व्यवस्था भी नगरपालिका नही कर सकी है।

उल्लेखनीय है जिला फुटबाल संघ में वर्तमान में 21 टीमे पंजीकृत है और 500 खिलाड़ी विभिन्न टीमों में खेलते है। इसके बावजूद भी स्टेडियम में सुविधाओं का वर्षो से अभाव है। बारिश के दिनों में तो मैदान में कीचड़ हो जाता है और दूसरे मौसमों में उबड़ खाबड़ जिसके चलते खिलाडियों के लिए अभ्यास करना किसी चुनौती से कम नहीं होता है। वर्षो पहले यहां पर पहले लाल मिट्टी का ग्राउंड था, लेकिन ग्रास ग्राउंड बनाने के लिए पीली मिट्टी भरी गई, और ग्रास फील्ड के रुप में तैयार भी किया गया था। लेकिन काम बीच में बंद होने से यह प्रोजक्ट बंद कर दिया गया। अब हालात यह कि बारिश में कीचड़ हो जाता है, खिलाडियों का खेलना मुश्किल होता है। जिससे उनकी पर परफॉर्मेंस फर्क पड़ता है। जिला प्रशासन से हमेशा निर्माण की मांग रही है। स्टेडियम के चारों और खरपतवार है और मेदान के चारों और कचरे और गंदगी दिखाई देते है।स्टेडियम के अंदर से पानी की निकासी के लिए बनाया गया ड्रेनेज सिस्टम में जगह-जगह से टूट फूट गया है और गंदगी बिखरी पड़ी है । कई बार आमजन में स्टेडियम के कायाकल्प में उम्मीद तो जगी लेकर उनकी उम्मीद पूरी तरह से साकार नहीं हो सकी । मैदान को ग्रास फील्ड बनाने की योजना भी कागजों में ही दम तोड़ गई।

गौरतलब है खेल के क्षेत्र में नीमच शहर की पहचान फुटबॉल के कारण है। आजादी के पहले अंग्रेजों के जमाने से शहर में फुटबॉल खेला जाता है। आजादी के बाद से ही नगरपालिका द्वारा दोनों राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस और फिर गणतंत्र दिवस पर फुटबॉल प्रतियोगिता इन दोनों पर्व नाम पर आयोजित की जाती रही है।, सालों से डीएफए नपा के सहयोग से स्पर्धा करवा रहा है।

### अभी स्टेडियम में यह परेशानी

- बारिश की अवधि में गाजरघास और अन्य झाड़ियां पनप जाती हैं।
- परिसर की देखरेख की पर्याप्त सुविधा नहीं है। कर्मचारी तैनात नहीं है।

### इनका कहना

स्टेडिम के विकास के लिए कई कार्य अब तक पूर्ण नहीं हो पाए है। ग्रास ग्राउंड के लिए हमने कई बार नगरपालिका अधिकारियों को अवगत कराया लेकिन इस योजना पर अमल नहीं हो सका है। पानी के अभाव में ग्रास ग्राउंड प्रोजक्ट साकार नहीं हो सका। स्टेडियम की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चौकीदार की तैनाती भी आवश्यक है।

– प्रमोद शर्मा, सचिव, जिला फुटबाल संघ, नीमच।

## एक नजर में

### मोक्षदा एकादशी पर नीमच नरेश के दरबार में उमड़ी आस्था की भीड़



**नीमच।** शहर के तिलक मार्ग स्थित नीमच नरेश के दरबार में सोमवार को मोक्षदा एकादशी का पावन पर्व भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। प्राचीन श्याम मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने जयकारों के बीच श्याम बाबा के दर्शन किए, जिससे पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। सुबह की आरती में उपस्थित भक्तगण भक्ति रस में डूब गए। मंदिर परिसर में दिव्य प्रकाश सज्जा और पुष्पों की सुगंध ने वातावरण को और अधिक पवित्र बना दिया। शाम को श्याम मंदिर में महाआरती और भव्य ताली-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद प्रसाद स्वरूप फलियारी वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर श्याम बाबा का शाही श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कोलकाता और दिल्ली से मंगाए गए विशेष फूलों से बाबा का दिव्य एवं भव्य श्रृंगार किया जा रहा है। मुख्य पुजारी पंडित गोपाल कृष्ण शर्मा ने बताया कि मोक्षदा एकादशी का व्रत अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। उन्होंने कहा कि इस व्रत के प्रभाव से पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है तथा साधक के जीवन में आने वाली बाधाओं का निवारण होता है।

### चोरों के हौंसले बुलंद, हनुमान मंदिर को बनाया निशाना



**सिंगोली।** पुलिस चौकी जाट क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गोल डूंगरी चौराहे स्थित हनुमान मंदिर में चोरों ने दान पेटी को निशाना बनाया। चोरों ने मंदिर के मेन गेट तथा दान पेटी के ताले तोड़कर उसमें रखी नगदी चोरी कर ली। स्थानीय लोगों ने बताया कि इससे पहले भी मंदिर परिसर में कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी का सुराग नहीं लग पाया है। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तपस्वी अशोक कुमठ का भव्य वरघोड़ा



**पिपलियामण्डी।** बही पार्श्वनाथ तीर्थ में आचार्य देव निपुणरत्न सूरीश्वर मसा की निश्रा में आयोजित 47 दिवसीय उपधान तप के सफल समापन के बाद पहली बार नगर आगमन पर समाज रत्न अशोक कुमठ का भव्य वरघोड़ा पिपलिया जैन मंदिर से निकाला गया। नगर में धर्म, भक्ति और उत्साह का अनूठा समन्वय देखने को मिला। बही तीर्थ में मोक्षमाला महोत्सव के पश्चात उपधान तप आराधक अशोक कुमठ विमलनाथ जैन मंदिर पहुंचे, जहां सामूहिक चौत्यवंदन, छाप समर्पण और धर्म आराधना का पावन विधान हुआ। यहां आयोजित सम्मान समारोह में विमलनाथ श्री संघ, नवरत्न युवा परिवार, महिला मंडल, बहु मंडल एवं बालिका मंडल की ओर से तपस्वी का शाल, श्रीफल और अक्षत से आत्मीय स्वागत एवं बहुमान किया गया। इस अवसर पर संघ द्वारा तपस्वी अशोक कुमठ और मधु दख को अभिनंदन पत्र भेंट किया गया। पत्र का वाचन संघ अध्यक्ष वीरेन्द्र राणावत एवं बहु मंडल प्रमुख निधि आंचलिया ने किया। सम्मान कार्यक्रम के बाद बैंड-बाजों, ढोल-ढमाकों और जयकारों के साथ भव्य चल समारोह पिपलिया जैन मंदिर से तपस्वी के निवास स्थान तक निकला। मार्ग में समाजजनों द्वारा विभिन्न स्थानों पर शाल, श्रीफल एवं मालाओं से तपस्वी का सत्कार किया गया।

### एड्स को लेकर संकोच दूर करना होगा : कलेक्टर




**मंदसौर।** विश्व एड्स दिवस पर सोमवार को जिला चिकित्सालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने थीम 'व्यवधान पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में बदलाव लाना' के तहत जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और 'माय रेड प्लेज' पर हस्ताक्षर किए। कलेक्टर गर्ग ने कहा कि एचआईवी/एड्स को लेकर समाज में मौजूद संकोच और भ्रांतियों को दूर करना आवश्यक है। सही जानकारी और जागरूकता ही सुरक्षा का सबसे प्रभावी उपाय है। कार्यक्रम में डीन डॉ. शशि गांधी ने एचआईवी के कारण, जांच प्रक्रिया और गोपनीयता संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी। सीएमएचओ डॉ. एस.जी. चौहान ने बताया कि जिले में इस वर्ष 117 नए केस मिले हैं, जबकि 2158 मरीज एआरटी उपचार ले रहे हैं। एआरटी सेवाओं में मंदसौर जिले का प्रदर्शन प्रदेश में उत्कृष्ट बताया गया। मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।



## भीम आर्मी व आज़ाद समाज पार्टी का धरना-प्रदर्शन

**नीमच।** अजाक थाना प्रभारी के कथित मनमाने रवैये के विरोध में सोमवार को भीम आर्मी और आज़ाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने थाना परिसर में धरना देकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान ''जय भीम'' और ''तुम्हारी तानाशाही नहीं चलेगी'' जैसे नारे गूंजते रहे।

संगठन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि पिछले आठ-नौ महीनों से थाना प्रभारी दलित एवं आदिवासी वर्ग से संबंधित शिकायतों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उनका कहना है कि फरियादियों के आवेदन तो ले लिए जाते हैं, लेकिन जांच एवं एफआईआर दर्ज करने में जानबूझकर देरी की जाती है। साथ ही कई फरियादियों के साथ असम्मानजनक व्यवहार किए जाने के भी आरोप लगाए गए।

पदाधिकारियों ने बताया कि हाल ही में बीच बाजार में एक रसूखदार व्यक्ति द्वारा एक गरीब दलित युवक से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करने से मना कर दिया। संगठन का कहना है कि ऐसे ही 50 से अधिक मामलों में पीड़ित लंबे समय से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

भीम आर्मी के पदाधिकारी गोविंद ने चेतावनी दी कि जब तक उनके द्वारा प्रस्तुत मामलों में से कम से कम एक प्रकरण में एफआईआर दर्ज नहीं होती, तब तक धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा।

## 3 दिसंबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा विश्व दिव्यांग दिवस

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के आदेशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अमन वैष्णव, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी उप संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्री पराग जैन के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नीमच एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र नीमच (डीडीआरसी) द्वारा 3 दिसंबर 2025 बुधवार प्रात: 10 बजे से विश्व दिव्यांग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाना है यह कार्यक्रम क्रमांक 02 विद्यालय खेल मैदान में एवं सी.डब्ल्यू.एस.एन.छात्रावास के सामने मनाया जाना है विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर खेल मैदान पर आने वाले समस्त दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य विभाग नीमच द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा तत्पश्चात युवा एवं खेल कल्याण विभाग नीमच के सहयोग से खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

## पिता बेटियों संग सड़क पर उतरे, बोले- रेप आरोपी को एनकाउंटर नहीं, फांसी दो, चौराहे पर किया प्रदर्शन



**नीमच।** रायसेन जिले के गौहरगंज में छह वर्षीय मासूम से रेप के आरोपी सलमान के पुलिस एनकाउंटर के बाद भी जनता में त्वरित न्याय की मांग जारी है। आरोपी ने हिरासत में ले जाते समय भागने की कोशिश की थी और पुलिस पर गोली चलाई थी, जिसके जवाब में पुलिस ने उसके पैर में गोली मारकर उसे पकड़ा था। इसी कड़ी में, नीमच जिले के मनासा नगर के कारगिल चौराहा पर गोगलिया खेड़ी निवासी किसान पवन शर्मा ने अपनी दो नाबालिग बेटियों के साथ रविवार को विरोध प्रदर्शन किया।

यह प्रदर्शन दोपहर से शाम तक चला। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर 'बेटियां मांगे इंसाफ, शॉर्ट एनकाउंटर नहीं... फांसी चाहिए' जैसे नारे लिखे थे। वे तेज धूप में चौराहे पर खड़े होकर अपनी मांग उठा रहे थे।

रेप के आरोपी को पुलिस एनकाउंटर की बजाय फांसी दो

किसान ने स्पष्ट रूप से कहा कि रेप के आरोपी को पुलिस एनकाउंटर की बजाय कानूनी प्रक्रिया के तहत जल्द से जल्द फांसी दी जानी चाहिए। उनका मानना था कि इससे पीड़ित परिवार को पूर्ण न्याय मिल सकेगा। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी से भी अपील की। किसान ने ऐसे जघन्य अपराधों के लिए फांसी की सख्त सजा का कानून लागू करने की मांग की, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति ऐसा कृत्य करने की हिम्मत न जुटा सके। किसान सुबह से शाम तक चौराहे पर डटे रहे। उन्होंने कहा था कि जब तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी उनकी बात सुनने नहीं आता, तब तक उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन की ओर से ध्यान न दिए जाने पर अन्न त्याग करने का संकल्प लेने की बात भी कही। रविवार शाम को मनासा पुलिस प्रदर्शन स्थल पर पहुंची और उन्हें थाने ले जाकर समझाइश दी, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

## दीपाखेड़ा विद्यालय में गीता जयंती पर ज्ञान की गंगा बही



**दीपाखेड़ा।** 1 दिसम्बर गीता जयंती के पावन अवसर पर, एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय दीपाखेड़ा में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसने विद्यार्थियों और शिक्षकों को श्रीमद्भगवद्गीता के शाश्वत ज्ञान से परिचित कराया गया। इस अवसर पर शिक्षक श्री गोपाल जी पाण्डे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने गीता के पंद्रहवें अध्याय के श्लोकों का वाचन एवं सार प्रस्तुत किया।

श्री पाण्डे ने संसार रूपी उल्टे अश्वत्थ वृक्ष के वर्णन से शुरुआत की, जिसमें उन्होंने बताया कि किस प्रकार दृढ़ वैराग्य द्वारा ही इस मोह रूपी बंधन को काटा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह समझाया कि मनुष्य का सच्चा स्वरूप परमात्मा का ही अंश है और इसलिए कर्म करते समय हमेशा निष्काम भाव रखना चाहिए।

गोपाल पाण्डे ने कहा कि, गीता का ज्ञान छात्रों को जीवन में सही मार्ग पर चलने और अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने की प्रेरणा देगा।

इस कार्यक्रम का आयोजन नई शिक्षा नीति के तहत नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को छात्रों में समावेशित करने के उद्देश्य से किया गया था। इस प्रकार के आयोजन न केवल छात्रों के ज्ञान को बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार और संस्कारवान नागरिक बनने में भी सहायता करते हैं।

दीपाखेड़ा विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और अतिथि वक्ता गोपाल पाण्डे को धन्यवाद ज्ञापित किया। यह दिन विद्यालय के लिए ज्ञान और प्रेरणा के समन्वय का एक यादगार अवसर बन गया। इस अवसर पर स्वागत भाषण विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार शुक्ला, अतिथि परिचय विनोद कुमार जैन, आभार प्रदर्शन बलभद्र सिंह चौहान और कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ज्योति सोनी द्वारा किया गया।



## साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न

**नंदावता।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदावता में 16 छात्र छात्राओं को साइकिल वितरण समारोह पूर्वक किया गया इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य भगत गामी ने कहा कोई भी बच्चा आवागमन के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे सरकार ने यह महति योजना बनाई, इस अवसर पर सरपंच शंकर लाल मालवीय ने कहा की विद्यार्थी नियमित विद्यालय आऐ और विद्याध्ययन कर ग्राम का परिवार का नाम रोशन करे। उप सरपंच हरिओम पाटीदार ने कहा जिन छात्र छात्राओं को साइकिल मिली है वे यातायात नियमों का पालन करते हुए सायकल चलाए। ताकि दुर्घटना से बचा जा सके।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर विद्यालय प्रभारी रामरतन कुमावत ने स्वागत भाषण दिया । साइकिल वितरण प्रभारी मनोहर झावा ने योजना की जानकारी दी इस अवसर विद्यालय परिवार के कैलाश पाटीदार, पिंकी कुमावत, गायत्री प्रसाद शर्मा, पूजा शर्मा, प्रीति पाटीदार, रानू सेन, दिलीप कुमावत राहुल कीर आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक दुर्गा लाल सेन ने किया।

## जीवन सिंह शेरपुर जन क्रांति न्याय यात्रा के तहत नीमच से हुंकार भरेंगे



**नीमच।** करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय नेतृत्वकर्ता एवं सर्व समाज आंदोलन के प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर आज 2 दिसंबर को नीमच से हुंकार भरेंगे। वे जन क्रांति न्याय यात्रा के तहत नीमच पहुंच रहे हैं। उनके आगमन को लेकर करणी सेना परिवार के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। समूचे शहर में उनके आगमन को लेकर भव्य तैयारियां की जा रही हैं। शेरपुर नीमच में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

**जन-जन से करेंगे हरदा पहुंचने का आव्हान**-करणी सेना जिला अध्यक्ष गिरिराज सिंह चौहान ने बताया कि शेरपुर नीमच में सर्व समाज से 21 दिसंबर को हरदा में होने वाले जन क्रांति न्याय आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान करेंगे। यह आंदोलन करणी सेना की 21 सूत्रीय मांगों को लेकर आयोजित किया जा रहा है।

21 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन-

गिरिराज सिंह चौहान के अनुसार आंदोलन केवल राजपूत समाज का नहीं, बल्कि सर्व समाज के अधिकारों और न्याय की लड़ाई है। उन्होंने बताया कि हमारी मुख्य मांगों में हरदा लाठीचार्ज की न्यायिक जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई, ईडब्ल्यूएस आरक्षण में सरलीकरण, आर्थिक आधार पर आरक्षण व्यवस्था, किसानों को फसल खराबी पर उचित मुआवजा, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, गौमाता संरक्षण के ठोस प्रावधान, युवाओं को सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कई बिंदु शामिल है। इसके अलावा एक मांग विशेष रूप से चर्चा में है कि किसी बेटी की शादी तब तक मान्य न हो जब तक माता-पिता की सहमति न हो, ताकि परिवार की सामाजिक स्थिति सुरक्षित रहे।

## एक नजर

### जाजू कन्या महाविद्यालय में 'एड्स जागरूकता संकल्प सघन अभियान' का शुभारंभ

## प्राचार्य डॉ. प्रतिभा कालानी ने छात्राओं को दिलाई शपथ



**नीमच। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच में आज 'एड्स जागरूकता संकल्प सघन अभियान' की शुरुआत की गई। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता शपथ ग्रहण कार्यक्रम और संकल्प हस्ताक्षर अभियान से हुई। प्रत्येक वर्ष 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाने का उद्देश्य एचआईवी/एड्स के संक्रमण के प्रमुख कारणों के बारे में जन-जन को जागरूक करना है, ताकि इस गंभीर बीमारी के प्रसार को रोका जा सके।

विश्व एड्स दिवस 2025 का संदेश है कि एचआईवी/एड्स के विरुद्ध लड़ाई केवल चिकित्सीय चुनौती नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक एवं मानवाधिकारों से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय भी है। यह दिवस समाज में जागरूकता, संवेदनशीलता और भेदभाव मिटाने का संदेश देता है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा कालानी ने छात्राओं को एड्स जागरूकता की शपथ दिलाई और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

रेड रिबन क्लब के वालंटियरों ने इस वर्ष 5,000 जागरूकता संकल्प पत्र भरवाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए अभियान की शुरुआत की। यह संकल्प हस्ताक्षर अभियान न केवल महाविद्यालय परिसर में चलेगा, बल्कि महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए ग्रामों में भी जन-जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

इसके साथ ही विश्व एड्स दिवस पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएँ- पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन, निबंध लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी।